37वें राष्ट्रीय खेल: हरियाणा ने एथलीट, शूटिंग और कुश्ती में जीते गोल्ड

चर्चा में क्यों?

3 नवंबर, 2023 को गोवा में चल रहे 37वें राष्ट्रीय खेलों में शूटिंग के पहले ही दिन हरियाणा ने गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते, वहीं एथलीट और कुश्ती में भी खिलाड़ियों ने प्रदेश को अनेक पदक दिलाये।

प्रमुख बिंदु

- शूटिंग के पहले दिन हुए मुकाबले में सागर भार्गव ने प्रदेश के लिये गोल्ड मेडल जीता, जबकि ओलंपिक का कोटा प्राप्त कर चुके सरबजोत सिंह ने सिल्वर मेडल जीता।
- राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा की गतका टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार 2 ब्रॉन्ज मेडल जीते। गतका टीम के खिलाड़ी जसविंदर सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल जीता, जबकि सुनिधि चौहान पहले ही ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी थीं।
- हरियाणा सेपक टाकरा महिला टीम ने प्रदेश की झोली में सिल्वर मेडल डाला। हरियाणा की हॉकी की महिला टीम ने ओडिशा को 7-2 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। वहीं हरियाणा तीरंदाज़ी की तीनों टीमें फाइनल में पहुँच गई हैं।
- राष्ट्रीय खेलों के कुश्ती के मुकाबले में 97 किलोग्राम भार वर्ग में नितिश ने गोल्ड, 77 किलोग्राम भार वर्ग में विकास ने और 68 किलोग्राम भार वर्ग में आरजू ने गोल्ड मेडल जीता, जबकि 125 किलोग्राम भार वर्ग में सुमित मलिक ने प्रदेश को सिल्वर मेडल दिलाया।
- इनके अलावा 97 किलोग्राम भार वर्ग में रोहित बूरा ने, 86 किलोग्राम भार वर्ग में राकेश ने, 76 किलोग्राम भार वर्ग में दीपक पूनिया ने, 68 किलोग्राम भार वर्ग में स्वाति बिरवाल ने, 50 किलोग्राम भार वर्ग में स्वीटी ने प्रदेश के लिये ब्रॉन्ज मेडल जीते।
- जैवलिन थ्रो में शिल्पा रानी ने गोल्ड मेडल व प्रियंका सिंह ने सिल्वर मेडल, शॉट पुट में मनप्रीत ने सिल्वर मेडल, 400 मीटर की रेस में विक्रम पंचाल ने सिल्वर मेडल, हैमर थ्रो में अजय ने सिल्वर मेडल व हेमथोलोन में तनु ने प्रदेश को सिल्वर मेडल दिलाया। 20 किलोमीटर की पैदल चाल में हरदीप ने ब्रॉन्ज मेडल तथा 800 मीटर की रेस में पूजा ने ब्रॉन्ज मेडल जीता।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/37th-national-games-haryana-won-gold-in-athletics,-shooting-and-wrestling